# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 21 सितम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 351

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चंद्रयान-2: नासा ने खींची लैंडिंग स्थल की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर से फिर संपर्क स्थापित करने का समय नजदीक आने के साथ, नासा के मून ऑर्बिटर ने चांद के उस हिस्से की तस्वीरें खींची हैं, जहां भारत ने अभियान के तहत सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया था। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बृहस्पतिवार को इसकी पुष्टि की है। नासा के लूनर रिकॉनिसंस ऑर्बिटर (एलआरओ) अंतरिक्षयान ने 17 सितंबर को चंद्रमा के अनछुए दक्षिणी ध्रुव के पास से गुजरने के दौरान वहां की कई तस्वीरें ली, जहां विक्रम ने उतरने का प्रयास किया था। मगर शनिवार का दिन काफी अहम होने वाला है, क्योंकि नासा एक बार फिर से 21 सितंबर को विक्रम लैंडर से संपर्क साधने की कोशिश होगी। एलआरओ मिशन के डिप्टी प्रोजेक्ट साइंटिस्ट जॉन कैलर ने एक बयान में कहा कि इसने विक्रम के उतरने वाले स्थान के ऊपर से उड़ान भरी। लैंडर से 21 सितंबर को संपर्क साधने का फिर प्रयास किया जाएगा। बता दें कि अब तक अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के ऑर्बिटर को भारत के मिशन चंद्रयान-2 के लैंडर 'विक्रम' की तस्वीरें खींचने में सफलता नहीं मिल पाई। चंद्रमा पर रात होने की शुरुआत हो चुकी है और वहां अंधेरा छाने लगा है। नासा अब ऑर्बिटर के कैमरे में कैद तस्वीरों का विश्लेषण कर रहा है।

### टेक्सास में तूफान 'इमेल्डा' से दो लोगों की मौत

**टेक्सास।** ऊष्णकटिबंधीय तूफान 'इमेल्डा' ने टेक्सास के हिस्सों में तबाही मचाई। इस तूफान की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने बारिश के पानी में फंसे कई लोगों को बाहर निकाला। इस तूफान ने दो साल पहले आए तूफान हार्वे की याद दिला दी। शहर के मेयर सिल्वेस्टर टर्नर ने बताया कि रात तक ह्यूस्टन क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में पानी घटना शुरू हो गया। ह्यूस्टन के पुलिस प्रमुख आर्ट एकेवेडो ने बताया कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बाढ़ में फंसे वाहनों को बाहर निकालने के लिए रात में काम करना तय किया था। तूफान 'इमेल्डा' की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। 19 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत पानी में डूबने और करंट लगने की वजह से हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति की मौत पानी में वाहन चलाने की कोशिश के दौरान हो गई क्योंकि वहां आठ फुट तक बाढ़ का पानी जमा हो गया था।

### सऊदी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा लेंगे : पेंटागन

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका को सऊदी तेल संयंत्रों पर सप्ताहांत में होने वाले हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा लेने का पूरा भरोसा है। पेंटागन के प्रवक्ता जोनाथन हॉफमैन ने कहा कि इस बात के संकेत मिले हैं कि हमलों के पीछे ईरान का हाथ है लेकिन अमेरिका चाहता है कि सऊदी अरब यह घोषणा करे कि हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''अभी तक सभी सुराग इशारा करते हैं कि सऊदी तेल रिफाइनरियों पर हमलों के लिए किसी न किसी तरीके से ईरान जिम्मेदार है।'' पेंटागन के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि हम इसके लिए जिम्मेदार पक्षों का सटीकता से पता लगा लेंगे लेकिन हम इस बिंदु पर पहुंचने के लिए सऊदी अरब के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।'' हॉफमैन ने कहा, ''हम इस बारे में विचार-विमर्श कर रहे हैं और हम सऊदी अरब के साथ मिलकर अंतिम आकलन होने तक इंतजार करेंगे।'' पेंटागन के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका संघर्ष नहीं चाहता है। उन्होंने कहा, ''रक्षा मंत्रालय का काम राष्ट्रपति को विकल्प मुहैया कराना है।... और हम यही कर रहे हैं- हम उन्हें विकल्प देते हैं और फिर वह निर्णय लेते हैं कि क्या करना है।'' इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने भी कहा कि अमेरिका सऊदी तेल संयंत्रों पर हुए हमले से पैदा संकट का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है।

## हाउडी मोदी' से पहले ह्यूस्टन में भारी बारिश ने मचाई तबाही



**ह्यूस्टन।** अमेरिका में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 50,000 से अधिक भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करेंगे, लेकिन इस कार्यक्रम से पहले ही ह्यूस्टन में एक उष्णकटिबंधीय तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इसके कारण टेक्सास के कई हिस्सों में गवर्नर को आपातकाल घोषित करना पड़ा है। 'ट्रॉपिकल डिप्रेशन इमेल्डा' टेक्सास पहुंचा जिसके कारण यहां भारी बारिश हुई, बिजली आपूर्ति ठप हो गई और टेक्सास में लोगों को घरों के भीतर रहने की हिदायत दी गई। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने दक्षिण पूर्वी टेक्सास की 13 काउंटी में आपातकाल की घोषणा कर दी है। एबॉट ने कहा, ''यह बहुत तेजी से हुआ। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन वास्तविक है। हमें केवल तूफान को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए। हमें हर प्रकार की मौसम प्रणाली को लेकर चिंतित होना चाहिए जो कभी भी बड़े तूफान में बदल सकती है और भारी बारिश कर सकती है।'' राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि जिन इलाकों में सर्वाधिक बारिश हुई है, वहां अब इसमें कमी आ रही है लेकिन फोर्ट बेंड, हैरिस और गालवेस्टन काउंटी के कुछ इलाकों में हर घंटे दो से तीन इंच की अतिरिक्त बारिश हो रही है। इसके बावजूद 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम के आयोजकों का हौसला अब भी बुलंद है और उन्हें भरोसा है कि एनआरजी स्टेडियम में आयोजित होने वाले 'हाउडी मोदी' में आने वाले सभी लोगों के लिए यह कार्यक्रम ऐसा अनुभव होगा जिसे वे जीवन भर अपनी यादों में संजोकर रखेंगे। आयोजन में मदद करने वाले एक स्वयंसेवक अचलेश अमर ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 1500 से अधिक स्वयंसेवी दिन-रात काम कर रहे है। उन्होंने कहा, ''रविवार को शानदार कार्यक्रम होगा।'' आयोजकों ने कहा, ''यह एक परिवार के जश्न की तरह होगा। हम यह कहना चाहते हैं, 'यहां हमारे समुदाय को देखो'। हम सफल हैं। हम मजबूत हैं। हमने ह्यूस्टन के लिए अच्छा काम किया है।'' 'इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉर्म्स ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन' के अध्यक्ष स्वप्न धैर्यवान ने कहा कि उन्होंने देखा है कि ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्टर टर्नर की नवंबर 2018 की भारत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में कितनी मजबूती आई थी।

## हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने में कोई बाधा नहीं : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के लोगों की हाई कोर्ट तक पहुंच न हो पाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे राज्य के चीफ जस्टिस से इस संबंध में रिपोर्ट मिली है और उन्होंने इसे गलत ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के चीफ जस्टिस ने उन दावों को खारिज किया है, जिनमें कहा गया था कि लोग उच्च न्यायालय तक अपनी शिकायत नहीं पहुंचा पा रहे हैं। बता दें कि इस मामले की सुनवाई के दौरान ही सीजेआई ने कहा था कि यदि जरूरी हुआ तो वह खुद जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। इसके साथ ही आर्टिकल 370 हटाने के बाद नाबालिगों को हिरासत में रखने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट के जुवेनाइल जस्टिस पैनल को जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

बता दें कि चाइल्ड राइट्स ऐक्टिविस्ट्स इनाक्षी गांगुली और शांता सिन्हा के वकील हुफेजा अहमदी ने 16 सितंबर को कोर्ट में कहा था कि घाटी के लोग हाई कोर्ट में अपनी अर्जी दाखिल नहीं कर पा रहे हैं।

## व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी, 1 की मौत, पांच घायल




**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन की सड़कों पर गोलीबारी होने की खबर है। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन (डी.सी) में स्थानीय समय के मुताबिक रात लगभग 10 बजे गोलीबारी हुई है। इस हादसे में कई लोगों को गोलियां लगी है। लोकल मीडिया की मानें तो इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, इसके अलावा पांच लोग घायल हैं। इस स्थान की व्हाइट हाउस से दूरी केवल तीन किलोमीटर है। जिस स्थान पर गोलीबारी हुई है, वहां स्थानीय पुलिस पहुंच गई है और इलाके को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। पुलिस अभी भी हमलावर की तलाश कर रही है।राजधानी की सड़कों में देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट सुनी गई। इसके बाद कई एंबुलेंस में लोगों को अस्पताल लेकर जाते हुए देखा गया है। स्थानीय पुलिस ने कन्फर्म किया है कि ये हादसा वाशिंगटन के नॉर्थ वेस्ट में कोलंबिया रोड पर हुआ है।जिस जगह गोलियां चली है वो स्थान अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास स्थल से मात्र 3 किलोमीटर दूर है। स्थानीय टीवी चैनल फॉक्स-5 ने बताया कि 6 लोगों को गोलियां लगी हैं।अमेरिका में इससे पहले भी कई बार गोलीबारी की घटनाएं आती रही हैं। अमेरिका में गन कल्चर को लेकर कई बार विरोध होता रहा है लेकिन हर बार इस कल्चर को बंद करने के लिए कोई एक्शन नहीं हो पाया है।

## जेई के चालान काटने से कट गई चौकी और थाने की बिजली



**मेरठ (आरएनएस)।** नए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैफिक कॉन्स्टेबल को बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर का चालान काटना चौकी और थाने के लिए महंगा पड़ गया। दरअसल मेरठ में ट्रैफिक पुलिस के एचसीपी ने तेजगढ़ी चौराहे पर बिजली विभाग के जेई की स्कूटी का चालान काट दिया। जेई सोमप्रकाश गर्ग ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था और खुद को सरकारी कर्मचारी बताया। एचसीपी राजेश कुमार ने ट्रैफिक नियम सभी के लिए बराबर बताए तो जेई सोमप्रकाश गर्ग ने तेजगढ़ी चौकी और मेडिकल थाने की बिजली कटवा दी। कहा कि बकाया बिल नियमानुसार क्यों नहीं भरा गया।

चेकिंग के दौरान एचसीपी ने जेई से स्कूटी के कागज मांगे तो जेई ने कहा कि वह भी सरकारी कर्मचारी हैं और इमरजेंसी में जा रहे हैं। जेई ने डीएल और आरसी दिखाई। लेकिन हेलमेट नहीं लगा रखा था और न ही स्कूटी का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट था। जिसके बाद एचसीपी ने हेलमेट न लगाने और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट न दिखाने संबंधी चालान काट दिया। दोनों का शुल्क भी तीन हजार रुपया बताया गया। इस पर जेई नाराज हो गए। एचसीपी से पूछ लिया कि पुलिस ही कौन सा नियम कानून से चलती है। चौकी और थानों पर लाखों रुपये बिजली का बकाया है। जिसके बाद जेई ने फोन करके लाइनमैन को बुला लिया। पहले तेजगढ़ी चौकी और फिर मेडिकल थाने की बिजली काट दी गई। जेई ने जिस तरह से कॉल करके लाइनमैन को बुलाया उसका वीडियो भी वायरल हो गया।

बिजली कटने पर चौकी और थाने के पंखे, एसी और कंप्यूटर बंद हो गए। इंस्पेक्टर मेडिकल ने पता किया तो जेई की स्कूटी का चालान काटने के बदले बिजली काटने की बात सामने आई। इंस्पेक्टर ने पावर कारपोरेशन के उच्चाधिकारियों से संपर्क कर बिजली जुड़वाने की गुहार लगाई। देरशाम चौकी व थाने की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। इंस्पेक्टर के अनुसार पिछले महीने का थाने का 27 हजार रुपये बकाया था। चौकी का बिल अलग होगा।

वायरल वीडियो में जेई ने कहा कि हमने कहा कि हमारे सिर में एलर्जी है। हेलमेट नहीं लगा रखा था। लेकिन कागज तो रखे हैं सारे। इस पर पुलिस ने प्रदूषण सर्टिफिकेट मांगा। इस पर जेई ने कहा कि चालान हो जाने दो, कोई दिक्कत नहीं।

## चिन्मयानंद को एसआईटी ने आश्रम से किया गिरफ्तार

### » लॉ स्टूडेंट यौन शोषण मामला



**शाहजहांपुर (आरएनएस)।** शाहजहांपुर स्थित एसएस लॉ कॉलेज की छात्रा द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों से घिरे स्वामी चिन्मयानंद की मुसीबतें कम होने का नाम ले रही हैं। मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) ने स्वामी चिन्मयानंद को आश्रम से उठा लिया है। एसआईटी शुक्रवार को चिन्मयानंद को उसके आश्रम से गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची है। इस दौरान जिला अस्पताल में भारी फोर्स तैनात किया गया है। बता दें कि बीते सोमवार को पीड़ित छात्रा का 164 के तहत कलमबंद बयान दर्ज करवाया गया था। उसके बाद से ही पीड़िता आरोपी चिन्मयानंद के खिलाफ रेप का केस दर्ज करने और उसकी गिरफ्तारी की मांग कर रही थी। पीड़िता ने बुधवार को चिन्मयानंद की गिरफ्तारी न होने की सूरत में आत्मदाह की धमकी दी थी। शाहजहांपुर के एसएस लॉ कॉलेज से एलएलएम की पढ़ाई कर रही छात्रा ने बीते 24 अगस्त को फेसबुक पर एक वीडियो वायरल कर पूर्व केंद्रीय मंत्री पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया था। इसके बाद वह लापता हो गई थी। इसके बाद उसके अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। यूपी पुलिस ने 30 अगस्त को राजस्थान के अलवर से पीड़िता को खोज निकाला था। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश दिया है। पीड़िता का 164 के तहत बयान भी दर्ज हो चुका है।

दुष्कर्म और रंगदारी प्रकरण में जांच कर रही एसआइटी के प्रभारी आइजी नवीन अरोड़ा ने कहा है कि उनकी जवाबदेही हाईकोर्ट के प्रति है। जिसका न सिर्फ उन्हें, बल्कि पूरी टीम को अहसास है। दोनों ही मामलों में जांच तेजी से और सही दिशा में चल रही है। किसी के कहने या मीडिया ट्रायल से जांच का रुख नहीं बदला जाएगा। 6 सितंबर के बाद आइजी नवीन अरोड़ा बुधवार शाम एक बार फिर पुलिस लाइंस स्थित अस्थाई कार्यालय में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि दोनों ही मामलों में कड़ी से कड़ी जोड़ी जा रही है। तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बतया कि जो भी वीडियो क्लिप या साक्ष्य मिले हैं, उनकी सत्यता जांची जा रही है।

## रोजाना होगी लखनऊ हाईकोर्ट में सुनवाई

### » 69 हजार शिक्षक भर्ती मामला




**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामले की तेजी से सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में लंबित इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 24 सितंबर तय की गई है। साथ 24 सितंबर से इस मामले में रोजाना सुनवाई होगी। आपको बता दें कि हाईकोर्ट में पैरवी पर लापरवाही को लेकर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन भी किया था।

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती मामले में अगली सुनवाई की तिथि 24 सितंबर तय की है। राज्य सरकार व अभ्यर्थियों की विशेष अपीलों पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज कुमार जायसवाल और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने यह आदेश दिया है।

इसमें एकल न्यायाधीश के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें भर्ती परीक्षा में न्यूनतम अर्हता अंक सामान्य वर्ग के लिए 45 फीसदी और आरक्षित वर्ग के लिए 40 फीसदी रखने के निर्देश सरकार को दिए गए थे।

## पूर्वी उपनगरीय इलाकों में गैस लीक से हड़कंप, बीएमसी की एजेंसियां सतर्क



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के पूर्वी उपनगरीय इलाकों में गैस लीक से हड़कंप मच गया है। यहां कई इलाकों से लगातार गैस लीकेज की शिकायतें आ रही हैं लेकिन चैक करने पर कहीं भी गैस लीक की पुष्टि नहीं हुई है। इस दौरान मुंबई के पश्चिमी और पूर्वी इलाके में अजीब सी गंध से लोग परेशान रहे। सूत्रों के मुताबिक इस तरह की अफवाह भी है कि चैंबूर इलाके में मौजूद राष्ट्रीय कैमिकल फर्टिलाइजर प्लांट से गैस लीक हुई है। बीएमसी के अनुसार, ये अजीब सी गंध मुंबई के पवई, चैंबूर, मानखुर्द, गोवांडी, चांदीवली, अंधेरी और घाटकोपर के इलाके में महसूस की गई।

हालांकि इसमें किसी तरह के नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है। फायर ब्रिगेड प्रवक्ता का कहना है कि उत्तरी बोरीवली के संजय गांधी नेशनल पार्क क्षेत्र में भी इस गंध के फैलने की खबर है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नौ फायर इंजन शहर के अलग अलग हिस्सों में ये देखने के लिए भेजे गए कि लीकेज कहां पर है। मुंबई में पाइप्ड नेचुरल गैस की सप्लाई करने वाली महानगर गैस लिमिटेड ने भी अपने बयान में कहा है कि उन्हें महानगर के अलग अलग हिस्सों से गैस की गंध आने की खबर मिली है।

हालांकि कंपनी ने कहा है कि हमारी इमरजेंसी टीम को अब तक कहीं से लीकेज नहीं मिला है, जहां से गैस लीक हो रही हो। बीएमसी अधिकारियों के मुताबिक, गैस लीक होने की खबर की पुष्टि के लिए हमने देवनार, मानखुर्द, चेंबूर, विखरोली, डिंडोशी, विले पार्ले, कानीवाली और दहीसर में फायर इंजन भेजे। बीएमसी कंट्रोल रूम को गैस लीक की कुल 29 सूचनाएं मिलीं. हालांकि समय बीतने के साथ अब ये कम हो गई है।

## बेटी की जिद पर इंस्पेक्टर ने सर्विस पिस्तौल से चलवाई गोलियां, हो गए सस्पेंड




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बच्चों की कोई-कोई जिद और उनके अजीबो-गरीब शौक कभी-कभी बड़ों पर भारी पड़ जाते हैं. दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर के साथ भी ऐसा ही हुआ. मन रखने को इंस्पेक्टर पापा ने बेटी से सर्विस पिस्तौल से कई राउंड गोलियां चलवा दी. अब इस मामले में आरोपी इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है. घटना के बारे में नॉर्थ वेस्ट जिले की डीसीपी विजयंता आर्या ने बताया कि यह गंभीर लापरवाही का मामला है.

डीसीपी ने बताया, वीडियो मैंने देखा. कुछ आरोप पहली नजर में सिद्ध हुए हैं जबकि कुछ बिंदुओं की जांच अभी गहराई से की जानी बाकी है. लिहाजा, उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं, ताकि पूरा सच और परिस्थितियां सामने आ सकें. डीसीपी ने बताया, ड्यूटी में कोताही मिली तभी मैंने आरोपी इंस्पेक्टर को सस्पेंड किया है. मामले में फंसा लापरवाह अफसर इंस्पेक्टर के पद पर पोस्टिड था इसलिए मैंने घटना की जांच किसी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्तर के अधिकारी से न कराकर, जांच का जिम्मा एडिशनल डीसीपी स्तर के अधिकारी को दिया गया है.

बता दें कि लापरवाह आरोपी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार नॉर्थ वेस्ट जिला पुलिस लाइन में रिजर्व-इंस्पेक्टर (आरआई या पुलिस लाइन प्रभारी) के पद पर करीब तीन साल से तैनात हैं. डीसीपी के मुतबिक, आरोपी इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए थे. वीडियो देखने के बाद मैंने उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है.

वीडियो में बिनावर्दी के इंस्पेक्टर पिता जिला पुलिस लाइन में सरकारी हथियार (9 एमएम बोर की प्रतिबंधित पिस्तौल, जिसे सुरक्षा बल या फिर पुलिसकर्मी ही इस्तेमाल कर सकते हैं) से अपनी बेटी को निशानेबाजी की प्रैक्टिस कराते दिख रहे हैं. दिल्ली पुलिस मुख्यालय के एक आईपीएस अधिकारी ने बताया, वीडियो में सब कुछ साफ है. जिला पुलिस लाइन की शूटिंग रेंज साफ-साफ नजर आ रही है.

डीसीपी ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही, सरकारी हथियार का निजी इस्तेमाल और सरकारी हथियार रखने में लापरवाही बरतने जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए इस मामले की जांच की जाएगी. पूरे घटनाक्रम पर सस्पेंड किए जा चुके आरोपी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार कुछ भी बोलने से परहेज करते हैं. उन्होंने बताया, जो होना था सो हो गया. क्या कह सकता हूं.